# J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


**GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)**

**NEWS CLIPPING: 15.12.2020**

**PUNJAB KESARI**

# भारतीय विज्ञान से दुनिया को परिचित करवाएगा अंतर्राष्ट्रीय भारत विज्ञान महोत्सव : प्रो. दिनेश कुमार

## युवाओं के बीच विज्ञान लोकप्रिय बनाना है मकसद : प्रो. रंजना अग्रवाल



*कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयंत सहस्त्रबुद्धे एवं अन्य।*

फरीदाबाद, 14 दिसम्बर (ब्यूरो): अंतर्राष्ट्रीय भारत विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ)-2020 के छठे संस्करण के हिस्से के रूप में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा कर्टेन रेजर इवेंट का आयोजन किया गया। यह इवेंट विज्ञान भारती हरियाणा के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के 500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अंतर्राष्ट्रीय भारत विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ)-2020 का आयोजन का छठा संस्करण का आयोजन 22 दिसंबर से 25 दिसंबर, 2020 तक विषयवस्तु 'आत्मनिर्भर भारत एवं विश्व कल्याण के लिए विज्ञान' पर किया जा रहा है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी और विकास अध्ययन संस्थान (एनआईएसटीएडी) की निदेशक प्रो. रंजना अग्रवाल तथा विभा के राष्ट्रीय संगठन सचिव जयंत सहस्त्रबुद्धे मुख्य वक्ता रहे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि यह महोत्सव दुनिया को भारतीय विज्ञान से परिचित करवाने का महत्वपूर्ण मंच है। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विभा तथा भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों द्वारा कोविड महामारी बावजूद विज्ञान को लोगों, विशेष रूप से युवा पीढ़ी के बीच लोकप्रिय बनाने के लिए विज्ञान महोत्सव आयोजित करने के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर प्रो. रंजना अग्रवाल ने आईआईएसएफ-2020 का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया और बताया कि इस महोत्सव की शुरूआत वर्ष 2015 में देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी और तब से अब तक पांच संस्करणों का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है। अपने संबोधन में जयंत सहस्त्रबुद्धे ने बताया कि इस बार महोत्सव ने काफी सं या में वैश्विक एवं विदेशों में भारतीय शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को आकर्षित किया है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. बिन्दु मंगला ने महोत्सव में विद्यार्थियों की भागीदारी को लेकर भरोसा जताया।


पंजाब केसरी ई-पेपर

Tue,15 December 2020

Edition: faridabad kesari, Page no. 3

**NEWS CLIPPING: 15.12.2020**

**THE PIONEER**

# यूपीएससी की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए सेमिनार

## सुपर टैलेंट प्रोग्राम की सफलता के लिए सहयोग देने का आश्वासन दिया



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कैरियर और काउंसलिंग सेल के अंतर्गत गठित सिविल सर्विसेज फोरम द्वारा सिविल सेवा की तैयारियों को लेकर एक सेमिनार का आयोजन किया। इस फोरम गठन सिविल सेवा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों की मदद करने के उद्देश्य से की गई है।

सेमिनार की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की तथा अपने संबोधन से छात्रों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने यूपीएससी के लिए महत्वाकांक्षी छात्रों के लिए करियर की संभावित संभावनाओं के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय का प्रयास है कि विद्यार्थियों को पढ़ने, सीखने तथा खुद में सुधार करने के लिए उचित माहौल प्रदान किया जाये ताकि विद्यार्थी भावी चुनौतियों के लिए खुद को तैयार कर सके।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सुखबीर सिंह मलिक रहे थे जोकि एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी होने के साथ-साथ एक शिक्षाविद और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। उन्होंने छात्रों को यूपीएससी की तैयारी की रणनीति के बारे में बताया। उन्होंने अध्ययन के विभिन्न विषयों पर चर्चा की और यूपीएससी की तैयारी के लिए अध्ययन के लिए विभिन्न पुस्तकों और पत्रिकाओं का भी सुझाव दिया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवाद भी किया।

कॅरियर और काउंसलिंग सेल के प्रमुख डॉ. अरविंद गुप्ता ने फोरम द्वारा चलाए जा रहे सुपर टैलेंट प्रोग्राम की सफलता के लिए सहयोग देने का आश्वासन दिया।

सिविल सर्विसेज फोरम की समन्वयक डॉ पारुल गुप्ता ने बताया कि फोरम द्वारा सिविल सेवा के महत्वाकांक्षी तथा तैयारी को लेकर समर्पित विद्यार्थियों की पूरी मदद की जायेगी।

उन्होंने बताया कि फोरम द्वारा तैयारी के लिए नियमित रूप से ग्रुप डिस्कशन और कक्षाएं सप्ताहांत अथवा विश्वविद्यालय के बाद आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा, स्व.मूल्यांकन परीक्षण और प्रेरक व्याख्यान के साथ अन्य प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी का समन्वय डॉ मानवी, डॉ. भारत भूषण तथा डॉ. आत्माराम ने किया।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 15.12.2020**

**PUNJAB KESARI**

# सिविल सेवा की तैयारियों पर सेमिनार का आयोजन

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी)। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के के कैरियर और काउंसलिंग सेल के अंतर्गत गठित सिविल सर्विसेज फोरम द्वारा सिविल सेवा की तैयारियों को लेकर एक सेमिनार का आयोजन किया। इस फोरम गठन सिविल सेवा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों की मदद करने के उद्देश्य से की गई है। सेमिनार की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की तथा अपने संबोधन से छात्रों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने यूपीएससी के लिए महत्वाकांक्षी छात्रों के लिए करियर की संभावित संभावनाओं के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय का प्रयास है कि विद्यार्थियों को पढ़ने, सीखने तथा खुद में सुधार करने के लिए उचित माहौल प्रदान किया जाये ताकि विद्यार्थी भावी चुनौतियों के लिए खुद को तैयार कर सके।

पंजाब केसरी Tue, 1 mpaper

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 15.12.2020**

## DAINIK BHASKAR

# सेमिनार में सिविल सेवा की तैयारियों के बारे में स्टूडेंट्स को बताया गया

फरीदाबाद| जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारियों के लिए सेमिनार का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। उन्होंने छात्रों को करियर की संभावित संभावनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय का प्रयास है कि विद्यार्थियों को पढ़ने, सीखने तथा खुद में सुधार करने के लिए उचित माहौल प्रदान किया जाए। जिससे विद्यार्थी भावी चुनौतियों के लिए खुद को तैयार कर सकें। मुख्य वक्ता डॉ. सुखबीर सिंह मलिक थे। उन्होंने छात्रों को यूपीएससी की तैयारी की रणनीति के बारे में बताया।

**NEWS CLIPPING: 15.12.2020**

**HINDUSTAN**

# आईआईएसएफ का छठा संस्करण 22 से 25 तक

**आयोजन**

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

अंतर्राष्ट्रीय भारत विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ)-2020 के छठे संस्करण में भागीदारी के तौर पर जेसी बोस वज्ञिान एवं प्रौद्योगिकी विश्विद्यालय, वाईएमसीए की ओर से कर्टेन रेजर इंवेंट का आयोजन किया गया। विज्ञान भारती हरियाणा के सहयोग से आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से करीब 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

आईआईएसएफ के छठे संस्करण का आयोजन 22 से 25 दिसंबर तक आत्मनर्भिर भारत एवं विश्व कल्याण के लिए विज्ञान विषय पर किया जाएगा। ये आयोजन भारत सरकार के वज्ञिान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, पृथ्वी वज्ञिान मंत्रालय, तथा विज्ञान भारती (विभा) के सहयोग किया जा रहा है।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी और विकास अध्ययन संस्थान (एनआईएसटीएडी) की निदेशक प्रो. रंजना अग्रवाल तथा विभा के राष्ट्रीय संगठन सचिव जयंत सहस्त्रबुद्धे मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्विद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की।

**NEWS CLIPPING: 15.12.2020**

## PUNJAB KESARI

# वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की उप.समिति में जेसी बोस विवि. की डॉ. रेणुका गुप्ता नामित

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी):हरियाणा सरकार ने जे.सी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीएए फरीदाबाद में पर्यावरण विज्ञान विभाग की अध्यक्ष तथा एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रेणुका गुप्ता को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की अनुसंधान और विकास पर उप.समिति का सदस्य नामित किया है। आयोग की अनुसंधान और विकास पर उप.समिति में डॉ रेणुका गुप्ता हरियाणा से एकमात्र सदस्य होंगी जोकि तकनीकी संस्थानों के साथ मिलकर वायु गुणवत्ता को प्रभावित करने वाले पर्यावरण प्रदूषण से संबंधित जांच तथा अनुसंधान का संचालन करेंगी। हरियाणा पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग जारी पत्र के अनुसार आयोग की अनुसंधान और विकास पर उप.समिति उन तीन उप.समितियों में से एक है जिनमें हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेगा। अन्य दो समितियां निगरानी और पहचान पर उप.समिति और सुरक्षा और प्रवर्तन पर उप.समिति हैं।

पंजाब केसरी Fri, 11 December 2020
mpaper.punjabkesari.com/c/56

**NEWS CLIPPING: 15.12.2020**

**AMAR UJALA**

# सेमिनार में बताई सिविल सेवा की तैयारियों संबंधी रणनीति

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के करियर और काउंसलिंग सेल के अंतर्गत गठित सिविल सर्विसेज फोरम द्वारा सिविल सेवा की तैयारियों के लिए सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। उन्होंने यूपीएससी के महत्वाकांक्षी छात्रों के लिए करियर की संभावित संभावनाओं के बारे में बताया कि विश्वविद्यालय का प्रयास है कि विद्यार्थियों को पढ़ने, सीखने और खुद में सुधार करने के लिए उचित माहौल प्रदान किया जाए। जिससे विद्यार्थी भावी चुनौतियों के लिए खुद को तैयार कर सकें। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सुखबीर सिंह मलिक रहे। वह सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी होने के साथ शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। उन्होंने छात्रों को यूपीएससी की तैयारी की रणनीति के बारे में बताया। साथ ही अध्ययन के लिए विभिन्न पुस्तकों और पत्रिकाओं का भी सुझाव दिया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवाद भी किया। करियर और काउंसलिंग सेल के प्रमुख डॉ. अरविंद गुप्ता ने फोरम द्वारा चलाए जा रहे सुपर टैलेंट प्रोग्राम की सफलता के लिए सहयोग देने का आश्वासन दिया। सिविल सर्विसेज फोरम की समन्वयक डॉ. पारूल गुप्ता ने बताया कि फोरम द्वारा सिविल सेवा की तैयारी में समर्पित विद्यार्थियों की पूरी मदद की जाएगी। उन्होंने बताया कि फोरम द्वारा तैयारी के लिए नियमित रूप से ग्रुप डिस्कशन और कक्षाएं सप्ताह के अंत में आयोजित की जाएगी। ब्यूरो

**करियर और काउंसलिंग सेल के अंतर्गत गठित फोरम ने किया आयोजन**

**NEWS CLIPPING: 15.12.2020**

## DAINIK JAGRAN

### आइआइएसएफ-2020 का आयोजन 22 से

जासं, फरीदाबाद : अंतरराष्ट्रीय भारत विज्ञान महोत्सव (आइआइएसएफ)-2020 के छठे संस्करण के हिस्से के रूप में जेसी बोस विश्वविद्याय द्वारा कर्टेन रेजर इंवेट का आयोजन किया गया। महोत्सव विज्ञान भारती हरियाणा के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के 500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

आइआइएसएफ 2020 का आयोजन 22 से 25 दिसंबर, 2020 तक किया जाएगा। सोमवार को इस बाबत एक कर्टेन रेजर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी और विकास अध्ययन संस्थान की निदेशक प्रो. रंजना अग्रवाल तथा विभा के राष्ट्रीय संगठन सचिव जयंत सहस्रबुद्धे मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के बावजूद विज्ञान को लोगों, विशेष रूप से युवा पीढ़ी के बीच लोकप्रिय बनाने के लिए विज्ञान महोत्सव आयोजित करने के प्रयासों की सराहना की। प्रो.रंजना अग्रवाल ने आइआइएसएफ-2020 का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। जयंत सहस्रबुद्धे ने बताया कि इस बार के महोत्सव ने बहुत अधिक संख्या में वैश्विक एवं विदेशों में भारतीय शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को आकर्षित किया है।

**NEWS CLIPPING: 15.12.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# सिविल सेवा की तैयारियों के लिए लगा सेमिनार

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी के करियर व काउंसलिंग सेल के अंतर्गत गठित सिविल सर्विसेज फोरम की तरफ से सिविल सेवा की तैयारियों को लेकर एक सेमिनार का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सुखबीर सिंह मलिक रहे थे। उन्होंने छात्रों को यूपीएससी की तैयारी की रणनीति के बारे में बताया। करियर व काउंसलिंग सेल के प्रमुख डॉ. अरविंद गुप्ता ने फोरम की ओर से चलाए जा रहे सुपर टैलंट प्रोग्राम की सफलता के लिए सहयोग देने का आश्वासन दिया। फोरम की समन्वयक डॉ. पारुल गुप्ता ने बताया कि सिविल सेवा की तैयारी को लेकर समर्पित विद्यार्थियों की पूरी मदद की जाएगी।